**सफलता** खेलो एमपी यूथ गेम्स में जबलपुर ने जीते 12 पदक

# कुबेर, आराध्या व सुमिधा को स्वर्णिम सफलता




जबलपुर। भोपाल में आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम्स की बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जबलपुर ने 12 पदक जीते। इनमें चार स्वर्ण, चार रजत और चार कांस्य पदक शामिल है।

प्रतियोगिता के 57 किग्रा में कुबेर सोनकर ने स्वर्ण, 66 किग्रा में दैविक नन्होरिया ने स्वर्ण, 75 किग्रा में स्वयं पाठक ने स्वर्ण, 46 किग्रा में आराध्या वंशकार ने स्वर्ण, 66 किग्रा में सुमिधा यादव ने सिल्वर, 80+ किग्रा में प्रतिष्ठा विश्वकर्मा ने सिल्वर, 80+ किग्रा में निरंजन ने सिल्वर, 48 किग्रा में जीतेन्द्र गोंड ने कांस्य, 57 किग्रा में जानिशा खानम ने कांस्य, 80+ किग्रा में कृति यादव ने कांस्य, 57 किग्रा में ओम रायकवार ने कांस्य और 70 किग्रा में कृष्णा पटेल ने कांस्य पदक जीता।

**महापौर ने पदक विजेताओं का किया स्वागत**

प्रतियोगिता में प्रदेश के जिलों के 80 मुक्केबाजों ने भाग लिया था। पदक विजेता खिलाड़ियों का स्वागत महापौर जगत बहादुर अन्नू द्वारा किया गया। उक्त खिलाड़ी कोच वीरेंद्र सिंह ठाकुर (विक्रम अवॉर्डी), परमजीत सिंह (विक्रम अवॉर्डी), विकास दुबे, संजय मिश्रा, आकांक्षा ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश ओलिंपिक संघ के सचिव दिग्विजय सिंह, मध्य प्रदेश बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष संजय सेठ एवं पूर्व उपायुक्त राकेश अयाची ने हर्ष व्यक्त किया।



## खजुराहो में एमपी कांग्रेस की संगठनात्मक बैठकें

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल/खजुराहो, 2 फरवरी. सागर संभाग में कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव रणविजय सिंह लोचव के साथ खजुराहो में जिलेवार एवं विधानसभा स्तरीय समीक्षा बैठकें आयोजित कीं।**

इन बैठकों में सागर, पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी, दमोह और छतरपुर जिलों की जिला समन्वय समितियों के सदस्य, नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष तथा विधानसभा प्रभारी शामिल हुए। बैठकों का मुख्य उद्देश्य कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाना, नए पदाधिकारियों को उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों से अवगत कराना तथा पार्टी कार्यकर्ताओं में संगठनात्मक अनुशासन, स्पष्ट दिशा और नई ऊर्जा का संचार करना रहा।

सागर जिले की बीना, खुरई, सुरखी, देवरी, रहली, नरयावली, सागर और बंडा विधानसभा क्षेत्रों की विधानसभा स्तरीय बैठकें आयोजित की गईं। इसी तरह दमोह जिले की दमोह, पथरिया, हटा और जबेरा, टीकमगढ़ जिले की टीकमगढ़, जतारा और खरगापुर, निवाड़ी जिले की निवाड़ी और पृथ्वीपुर तथा पन्ना जिले की पवई, गुन्नौर और पन्ना विधानसभा क्षेत्रों की बैठकें संपन्न हुईं। छतरपुर जिले की छतरपुर, राजनगर, चंदला, नौगांव और महाराजपुर विधानसभा क्षेत्रों की भी बैठकें खजुराहो में हुईं.

## 50 हजार की रिश्वत लेते पकड़ाया कंप्यूटर ऑपरेटर

छिंदवाड़ा,02 फरवरी. **जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने कार्रवाई कर सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र यदुवंशी को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है. जानकारी के अनुसार, स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ एक नर्सिंग स्टाफ ने लोकायुक्त से शिकायत की थी.**



विभाग में आवेदिका ने रोहना कला से छिंदवाड़ा स्थानांतरण के लिए आवेदन दिया था और कलेक्टर की जनसुनवाई में भी गुहार लगाई थी. आरोप है कि ट्रांसफर कराने के एवज में कंप्यूटर ऑपरेटर जितेंद्र द्वारा 50 हजार की मांग की जा रही थी. जिसको लेकर पीड़िता ने शिकायत की और शिकायत की पुष्टि के बाद लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से सोमवार की दोपहर में जाल बिछाया और जैसे ही आरोपी जितेंद्र ने रिश्वत की रकम ली, उसे मौके पर ही तत्काल दबोच लिया. कार्रवाई के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है.

# 25 जिलों में अलर्ट | मध्यप्रदेश में मावठे का कहर

## ओलावृष्टि और घने कोहरे से बढ़ी मुश्किलें

**भोपाल 2 फरवरी. मध्य प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ले ली है और आने वाले तीन दिनों तक मावठे का असर बने रहने की संभावना है. मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के ग्वालियर, रीवा, सागर समेत करीब 25 जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. इसके साथ ही कई इलाकों में घना कोहरा छाए रहने की चेतावनी भी दी गई है, जिससे ठंड में और इजाफा हो सकता है. कम विजिबिलिटी के कारण जनजीवन और यातायात दोनों प्रभावित हो रहे हैं.**



मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ पंजाब और उससे सटे हरियाणा के ऊपर सक्रिय है, जो समुद्र तल से लगभग 3.1 किलोमीटर की ऊंचाई पर चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में स्थित है. इसके अलावा मध्य और ऊपरी क्षोभमंडल में सक्रिय पछुआ हवाओं की ट्रफ अब पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा की ओर खिसक चुकी है. इसी क्रम में एक नया पश्चिमी विक्षोभ मध्य क्षोभमंडलीय पछुआ हवाओं में ट्रफ के रूप में विकसित हुआ है, जो मौसम में बदलाव का कारण बन रहा है. पूर्वोत्तर भारत के ऊपर उपोष्ण पछुआ जेट स्ट्रीम भी काफी प्रभावी बनी हुई है, जिसकी रफ्तार लगभग 240 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई है. मौसम विभाग का कहना है कि 5 फरवरी की रात से एक और नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है, जिसका असर मध्य प्रदेश के मौसम पर भी पड़ेगा.

मौसम का असर साफ तौर पर देखने को मिला. नीमच और मंदसौर जिलों में तेज आंधी और बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, जिससे फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है. वहीं ग्वालियर, धार, उज्जैन सहित कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई. सुबह और रात के समय घना कोहरा छाने से सड़कों पर वाहन चालकों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा.

## 12 की आम हड़ताल में बीपीएमएस भाग नहीं लेगा

**नवभारत,जबलपुर।** भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) ने स्पष्ट रूप से कहा है कि वह 12 फरवरी 2026 को होने वाली आम हड़ताल का न तो समर्थन करेगा और न ही उसमें भाग लेगा, जिसे कुछ केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा राजनीतिक उद्देश्यों से बुलाया गया है। बीएमएस ने चारों श्रम संहिताओं का स्वागत किया है और वेतन संहिता तथा सामाजिक सुरक्षा संहिता को ऐतिहासिक और क्रांतिकारी बताया है। बीएमएस ने शेष दो संहिताओं के कुछ श्रमिक-विरोधी प्रावधानों पर चिंता व्यक्त की है, लेकिन केंद्रीय श्रम मंत्री ने आश्वासन दिया है कि इन चिंताओं का उचित समाधान किया जाएगा। ये जानकारी रवींद्र कुमार मिश्रा महासचिव, रूपेश पाठक, राजेंद्र चराड़िया ,प्रेम लाल सेन ने दी है।

## दूषित पानी से एक और मौत, 32 हुई मृतक संख्या

### एक माह से वेंटिलेटर पर थी महिला, तीन मरीज अब भी आईसीयू में

**इंदौर,02 फरवरी. भागीरथपुरा में दूषित पानी से फैल रही बीमारी ने एक और जान ले ली. 65 वर्षीय अनिता कुशवाह का रविवार रात को बॉम्बे हॉस्पिटल में इलाज के दौरान निधन हो गया. अनिता पिछले एक महीने से अधिक समय से गंभीर रूप से बीमार थीं और लंबे समय तक वेंटिलेटर पर रहीं. इस मामले में अब तक मरने वालों की संख्या 32 हो गई है.**



बेटे नीलेश ने बताया कि उनकी माँ को पहले कोई गंभीर बीमारी नहीं थी. 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त के कारण वे भाग्यश्री हॉस्पिटल में भर्ती हुई थीं. दो दिन बाद घर लौटाई गईं, लेकिन कुछ ही घंटों में हालत बिगड़ने पर 1 जनवरी को अरबिंदो हॉस्पिटल में फिर एडमिट करवाया, इसके बाद 4 जनवरी को उन्हें इलाज के लिए बॉम्बे हॉस्पिटल शिफ्ट करवाया, लेकिन किडनी फेल होने और कार्डियक अरेस्ट के चलते उनका जीवन बचाया नहीं जा सका.

**450 से ज्यादा मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज**

सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी ने बताया कि शासन की ओर से हायर सेंटर में इलाज कराया, लेकिन महिला को बचाया नहीं जा सका. भागीरथपुरा दूषित पानी मामले में अब तक 450 से ज्यादा मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं. फिलहाल तीन मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, जिनमें से दो की हालत आईसीयू में काफी गंभीर बताई जा रही है.

## मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में छात्र ने की आत्महत्या

**इंदौर.** एमजीएम मेडिकल कॉलेज के बॉयज हॉस्टल में सोमवार को 25 वर्षीय अंतरिक्ष अग्रवाल ने आत्महत्या कर ली. वह 2025 बैच का छात्र था और ग्वालियर का निवासी था. घटना बीआर अंबेडकर हॉस्टल के बी-ब्लॉक की चौथी मंजिल के कमरे नंबर 43 में हुई. रूममेट हर्ष कौशिक ने पुलिस को बताया कि शाम करीब 5:30 बजे जब वह कॉलेज से हॉस्टल लौटा और दरवाजा खटखटाया, तो अंदर से कोई जवाब नहीं मिला. दोस्तों की मदद से दरवाजा खोला, तो अंतरिक्ष कमरे के भीतर फंदे पर लटका मिला. मामले की जांच जारी है.



# महिला ने व्यापारी से पौने दो करोड़ ठगे

**ग्वालियर,2 फरवरी. एक गत्ता कारोबारी को फेसबुक पर एक महिला ने अपने जाल में फंसाया. खुद को यूनाइटेड किंग्डम की नागरिक बताकर शिवानी अग्रवाल ने कारोबारी से दोस्ती की और ऑनलाइन ट्रेडिंग के लिए तैयार किया. 75 साल का कारोबारी जब फंस गया और 1.41 करोड़ रुपए गंवा बैठा तो फर्जी विदेशी महिला ने फेसबुक से अपना अकाउंट शिवानी अग्रवाल को डिलीट कर दिया. साइबर एक्सपर्ट की टीम अकाउंट से डिटेल जुटा रही है.**




कारोबारी से ऑनलाइन ट्रेडिंग के नाम पर ठगे गए 1.41 करोड़ रुपए की पड़ताल में पता लगा है कि देश के 12 राज्यों के 20 से ज्यादा शहरों के 100 अकाउंट में यह राशि 74 टाइम ट्रांजेक्शन के जरिए ट्रांसफर की गई है. अब पुलिस के साइबर एक्सपर्ट की नजर ऐसे ट्रांजेक्शन या अकाउंट पर है जिसमें 10 लाख रुपए या उससे ज्यादा का ट्रांजेक्शन हुआ हो. कारोबारी को ऑनलाइन ट्रेडिंग प्लेटफार्म पर इन्वेस्टमेंट के लिए तैयार करने वाली महिला कथित शिवानी अग्रवाल से उसकी फेसबुक पर पहचान हुई थी. इसी नाम से फेसबुक अकाउंट था. शिवानी ने कारोबारी को बताया था कि वह यूके इंग्लैंड में रहती है. जब ठगी हो गई तो महिला ने कारोबारी से बात करना बंद कर दिया. इसके बाद उसने फेसबुक पर अपना अकाउंट भी डिलीट कर दिया है. साइबर एक्सपर्ट की टीम ने इस ठगी कांड की छानबीन शुरू की तो पता लगा कि 74 ट्रांजेक्शन में यह रुपए देश के 12 राज्य के 20 शहर के 100 से ज्यादा अकाउंट में भेजे गए. इंडिया के यूपी, ओडिशा, गुजरात, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र, पंजाब, उत्तराखंड, केरल, दिल्ली, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, बिहार राज्यों में यह राशि ट्रांजेक्शन की गई है.

## विवादों के समाधान के लिए आंतरिक तंत्र बनाने पर जोर

**विशेष संवाददाता**

**भोपाल, 2 फरवरी. मध्य प्रदेश हाईकोर्ट द्वारा सेवा संबंधी मामलों में तेजी से बढ़ती याचिकाओं पर चिंता जताते हुए उनके समाधान के लिए आंतरिक तंत्र विकसित करने की सलाह दिए जाने का मंत्रालय सेवा अधिकारी/कर्मचारी संघ के अध्यक्ष इंजीनियर सुधीर नायक ने स्वागत किया है।**



एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए नायक ने कहा कि हाईकोर्ट ने एक याचिका की सुनवाई के दौरान टिप्पणी की है कि वर्तमान में करीब 50 हजार सेवा प्रकरण लंबित हैं, जिससे न्यायपालिका पर अत्यधिक बोझ पड़ रहा है। अदालत ने अपने आदेश की प्रति मुख्य सचिव को भेजने के निर्देश भी दिए हैं। नायक ने कहा कि कर्मचारियों को छोटे और जायज सेवा संबंधी मुद्दों के लिए भी अदालत का सहारा लेना पड़ रहा है, जो मौजूदा शिकायत निवारण प्रणाली की गंभीर विफलता को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि न केवल लंबित मामलों की संख्या चिंताजनक है, बल्कि हजारों ऐसे प्रकरण भी हैं जिनमें अदालतों के फैसले आ चुके हैं, फिर भी अनुपालन नहीं हो पाया है। हाईकोर्ट इस स्थिति को लेकर प्रशासन को कई बार आगाह कर चुका है। सुषीला देवी प्रकरण सहित पूर्व मामलों में समान परिस्थितियों में एक निर्णय को समान रूप से लागू करने के निर्देश व्यवहार में नहीं उतारे गए। नायक ने कहा कि परामर्श समितियां, आंतरिक शिकायत समितियां, कर्मचारी कल्याण समितियां और कर्मचारी मामलों के प्रभारी मंत्री जैसी व्यवस्थाएं प्रभावी साबित नहीं हुईं। वर्ष 2003 में राज्य प्रशासनिक अधिकरण के समाप्त होने से सभी सेवा मामले हाईकोर्ट में चले गए। संघ ने दीर्घकालिक समाधान के रूप में प्रशासनिक अधिकरण की पुनः स्थापना या कर्मचारी मध्यस्थता अधिकरण गठित करने की मांग की है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं अभिषेक कुमार अरोरा पिता श्री सतीश कुमार अरोरा निवासी- बी-89, सुख सागर वैली पोलीपाथर ग्वारीघाट रोड जबलपुर म.प्र. निम्नलिखित कथन करता हूँ कि- 1. यह कि मेरा नाम अभिषेक कुमार अरोरा है, मेरा आधार नंबर 6342 4283 1016 है, 2. यह कि मेरा नाम अभिषेक कुमार अरोरा है परन्तु मुझे लोग अभिषेक अरोरा के नाम से भी जानते है 3. यह की कंडिका क्र. 2 मै दिए गए कथन को मैं स्वीकार करता हूँ कि दोनों नाम मेरे ही है एवं दोनों नाम से सम्भोदित होने वाला व्यक्ति एक ही है जो कि मैं अभिषेक कुमार अरोरा ही हूँ। **चालू/पुराना नाम- अभिषेक अरोरा**

**सही/नया नाम- अभिषेक कुमार अरोरा**



## अवैध पटाखा फैक्ट्री का मुख्य आरोपी इमरान गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज खंडवा, 2 फरवरी.** शहर की सम्यक गोल्ड कॉलोनी में चल रही अवैध पटाखा फैक्ट्री मामले में मुख्य आरोपी कांग्रेस नेता इमरान परियानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. घटना के बाद से वह पांच दिनों से फरार था। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने उसे मध्य प्रदेश-महाराष्ट्र सीमा पर स्थित डेढ़तलाई इलाके से तब दबोचा, जब वह सीमा पार कर महाराष्ट्र भागने की फिराक में था. मामले का खुलासा 26 जनवरी की रात हुआ था, जब पुलिस ने सम्यक गोल्ड कॉलोनी के वीरान क्लब हाउस में छापा मारा। वहां अवैध रूप से सुतली बम बनाए जा रहे थे। मौके से पिकअप चालक अरबाज खान की गिरफ्तारी हुई,

## नर्मदा परिक्रमा पथ के आश्रय स्थलों में होगा पौधारोपण

### राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक में मंत्री पटेल ने दिए निर्देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 2 फरवरी. पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने नर्मदा परिक्रमा पथ पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए आश्रय स्थलों पर व्यापक पौधारोपण करने के निर्देश दिये हैं. पटेल सोमवार को जीवनदायिनी मां नर्मदा के जल को निर्मल बनाए रखने, उनके प्रवाह को अविरल सुनिश्चित करने तथा नर्मदा से जुड़े समग्र विकास कार्यों के संबंध में राज्य स्तरीय कार्यकारिणी समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे.**

मंत्री पटेल ने अधिकारियों को परिक्रमा पथ पर प्रस्तावित पुल, पुलिया एवं ब्रिज के सर्वेक्षण कार्य शीघ्र पूर्ण कर सुनियोजित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिये. बैठक में विधानसभा से संबंधित लंबित प्रकरणों की विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा की गई. पटेल ने सभी लंबित प्रकरणों के त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि जनहित से जुड़े विषयों का शीघ्र समाधान हो सके. बैठक में मां नर्मदा के संरक्षण एवं विकास को जनभागीदारी से जोड़ने तथा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया.

## महिला के घर भेजा पार्सल, मिला पिस्तौल और धमकी भरा पत्र

**इंदौर.** द्वारकापुरी क्षेत्र में रहने वाली महिला के घर पर एक अज्ञात व्यक्ति ने पार्सल पहुंचाया. पार्सल में एक देशी पिस्तौल और धमकी भरा पत्र मिला. पत्र में काले धन का उल्लेख किया गया है और जान से मारने की धमकी दी गई . डीसीपी आनंद कलादगी ने बताया कि महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पिस्तौल और पार्सल अपने कब्जे में ले लिया. आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपी तथा पार्सल भेजने वाले की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं.

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**
**रा.प्र.क्र./ 3616/ अ-19/ 2025- 2026**
**अधारताल, दिनांक 02/02/2026**

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम करमेता तहसील अधारताल जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि, आवेदक अरूनव देब पिता स्व. बोमकेश देब जाति....निवासी- विक्टोरिया अस्पताल के पास जबलपुर के द्वारा ग्राम करमेता बंदोबस्त नं.497, प.ह.नं. 78 नजूल प्लॉट नं.....में स्थित भूमि खसरा नंबर 385/1/1/1/1/1/1/1/1 रकवा क्रमशः...... में से रकवा 0.854 हेक्टेयर भूमि के खाताधारक बोमकेश देब पिता फणी भूषण की मृत्यु दिनांक 21/01/2009 होने के उपरांत उनके विधिक वारसान द्वारा फौती के माध्यम से नामांतरण हेतु मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति, खसरा नकल सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन हैं। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 02/02/2026
पेशी दिनांक 16/02/2026

सील — अतिरिक्त तहसीलदार, अधारताल, जबलपुर

**न्यायालय तहसीलदार तहसील गोरखपुर जिला जबलपुर**
**रा.प्र.क्र./2378/अ-6/2025-26**
**जबलपुर दिनांक 05/01/2026**

**// आम इश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम तिलवाराघाट तहसील गोरखपुर-1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक युधिष्टर पटेल पिता स्व. सेवाराम पटेल जबलपुर के द्वारा मौजा... पटवारी हल्का नंबर ... रा.नि.मं. .... जबलपुर-1 तहसील गोरखपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 28,29 एवं 30/1 रकवा 0.920, 0.016, 0.040 वर्गफुट भूमि पर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक 27/02/2026 तक इस न्यायालय स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर कोई भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। यह इश्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक-21/01/2026
पेशी दिनांक-27/02/2026
मोहर — तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

GOVERNMENT OF INDIA MINISTRY OF MINES

**भारत सरकार**
**खान मंत्रालय**

**विज्ञापन**

संविदा आधार पर कानूनी सहयोगी एवं कानूनी सहायक (वरिष्ठ/कनिष्ठ) के लिए आवेदन आमंत्रित हैं. अधिक जानकारी हेतु कृपया खान मंत्रालय की वेबसाइट www.mines.gov.in देखें.
आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 15-2-2026

सीबीसी-26101/11/0007/2526 — हस्ताक्षरित, अवर सचिव, खान मंत्रालय

**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)**
**// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1. | Pro- 814<br>Date-02/02/2026<br>2026_UAD_478299_1 | संभाग क्रमांक-07 महर्षि महेश योगी वार्ड में गुरूद्वारा आधारताल प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य। (महापौर अनुशंसा) | 04 माह<br>₹.18.21 | ₹.2,000/-<br>₹. 13670/- | 16/02/2026 |

**नोटः-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाईट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**